पदग्रहण | जेडीए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने ग्रहण किया पदभार

नाम के अनुरूप ही विकास में अब कदमताल करेगा जबलपुर विकास प्राधिकरण : राकेश सिंह

नवभारत,जबलपुर। जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने पूज्य संतो के सानिध्य, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में गुरूवार को पदभार ग्रहण किया।

वन्दे मातरम चौक सिविक सेंटर में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी,सुशील तिवारी इंदु, नीरज सिंह, जिप अध्यक्ष आशा गोंटिया, तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोंटिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे की उपस्थिति में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि लम्बे समय के बाद जबलपुर को यह अवसर मिला है कि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हुई है, मैं इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर ऐसे योग्य, कुशल और कर्मठ कार्यकर्ता संदीप जैन और प्रशांत केसरवानी की नियुक्ति की है जिनके साथ जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधि कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है।

जबलपुर का सुनियोजित-समन्वित विकास ही प्राथमिकता : संदीप जैन

जबलपुर विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन ने अपनी भाव अभिव्यक्ति व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष का जो दायित्व प्रदेश नेतृत्व, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मुझे सौंपा है उसके लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ साथ ही कहना चाहता हूँ विकास प्राधिकरण का एक मात्र उद्देश्य जबलपुर का विकास और जबलपुर के नागरिकों को मुलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है और जेडीए का धेय्य वाक्य भी यहीं होगा 'हमारा प्रयास, नगर विकास' और इसी संकल्प को लेकर जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जबलपुर के विकास के लिए हम कार्य करेंगे। पदभार ग्रहण के बाद जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने नवभारत से चर्चा के दौरान कहा कि जबलपुर की आवश्कता के अनुरूप, सुनियोजित और समन्वित विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी। वहीं जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी ने भी कार्यक्रम में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा जबलपुर के विकास में मै अपना योगदान देते हुए कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करूँगा। कार्यक्रम में नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप जैन, उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, सीईओ दीपक वैद्य ने पूज्य संतो का पूजन कर अतिथियों का स्वागत किया।

इन्होंने भी दी शुभकामनाएं

माहेश्वर समाज के जिलाध्यक्ष शरद काबरा ,मदन गोपाल जेठा, प्रकाश मालपानी, गिर्राज चाचा ,उत्तम चांडक ,पंकज गांधी ,विनोद मालानी आदि ने संदीप जैन के जबलपुर विकास प्राधिकरण अध्यक्ष एवं प्रशांत केसरवानी के उपाध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

संतों ने दिया आशीर्वाद

पदभार ग्रहण समारोह में पूज्य संत जगतगुरु स्वामी डॉ. नरसिंह देवाचार्य , ब्रम्हचारी स्वामी चैतन्यानंद , जगतगुरु स्वामी बालगोविन्दाचार्य महाराज, जगतगुरु स्वामी राजारामाचार्य महाराज,स्वामी डॉ मुकुंददास , स्वामी कालीनंद , साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी पगलानंद , महंत चन्द्रशेखरानंद , महंत रामभारती , मैत्रेय दीदी , वास्तुआचार्य मनोज शास्त्री (राजस्थान), पंहरिशंकर दुबे, पं वासुदेव शास्त्री, पं रोहित दुबे, पं रमेश दुबे, पं संतोष शास्त्री, पं देवेन्द्र त्रिपाठी पं आशुतोष दीक्षित का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

समारोह में जेबकतरे रहे सक्रिय

जेडीए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान जेबकतरे सक्रिय नजर आए। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक जेबकतरे को पकड़ा और उसकी धुनाई करते हुए उसे ओमती पुलिस के हवाले कर दिया।

न्यायिक कर्मियों के वेतनमान मामले की सुनवाई के दौरान हाजिर हुए सीएस

हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 24 जून को भी उपस्थित रहने के दिये निर्देश

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट में गुरुवार को न्यायिक कर्मचारियों के वेतनमान संबंधी मामले में पूर्व आदेश के परिपालन में मुख्य सचिव वीडियो कांफ्रेंसिंग से हाजिर हुए। शासन की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पूरे मामले की पुन: जांच करने और उचित प्रस्ताव रखने के लिए कुछ मोहलत मांगी। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने अगली सुनवाई 24 जून को निर्धारित की है। एकलपीठ ने अगली सुनवाई में भी मुख्य सचिव को हाजिर रहने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल जबलपुर निवासी हाईकोर्ट कर्मचारी किशन पिल्लई और 108 अन्य ने वर्ष 2016 में यह याचिका दायर की थी। जिसमें उच्च वेतनमान का लाभ नहीं दिए जाने को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ ने बताया कि हाईकोर्ट ने 28 अप्रैल 2017 को आदेश पारित करते हुए कहा था यह मामला 27 जून 2015 से सरकार के समक्ष विचाराधीन है। चार सप्ताह के भीतर मामले का निपटारा किया जाए। आदेश का पालन नहीं होने पर 2018 में अवमानना याचिका दायर की गई। गत 26 मार्च को हाईकोर्ट ने आदेश के पालन में लगातार हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। इसके साथ ही मुख्य सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे।

हाईकोर्ट में अब प्रात: दस बजे से होगी मामलों की सुनवाई

मप्र हाईकोर्ट की स्थापना के बाद दूसरी बार न्यायालयीन समय बढ़ाया गया है। हाईकोर्ट में अब पंद्रह मिनट अधिक कार्य होगा। सुबह 10.15 की जगह अब हाईकोर्ट में सुनवाई सुबह 10 बजे से शुरू हो जाएगी। नया नियम शुक्रवार से ही लागू हो जाएगा। हाईकोर्ट के प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (न्यायिक) समीर कुलश्रेष्ठ ने मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के निर्देश पर इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।उल्लेखनीय है कि पूर्व में हाईकोर्ट के काम का समय सुबह 10.30 से सायं 4.30 तक था। इस बीच विश्राम की अवधि 1.30 से 2.30 बजे तक थी। तीन जनवरी 2022 को इसमें संशोधन किया गया। संशोधित समय के अनुसार फिलहाल सुबह 10.15 से सायं 4.30 तक न्यायालयीन कार्य हो रहा था। विश्राम की अवधि दोपहर 1.30 से 2.15 तक है। नए आदेश के तहत भोजनावकाश या कोर्ट उठने के समय में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

युवक ने स्वयं का गला रेत कर की आत्महत्या

कमरे में मिली खून से सनी लाश, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत शास्त्री नगर में एक युवक ने स्वयं का गला ब्लेड से रेत आत्महत्या कर ली। गुरूवार दोपहर में उसकी लाश खून से सनी हुई कमरे में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मर्ग कायम कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक बिहारीलाल बुभरे 69 वर्ष निवासी मीत चौराहा के पास शास्त्रीनगर एमपीईबी से रिटायर्ड है उसके 2 बेटे एवं 1 बेटी है सभी की शादी हो गई है। उनके मकान के जिस रूम में पूर्व में किरायेदार रहते थे वे वर्तमान में खाली पड़ा है ताला लगा रहता है। बड़े बेटे मुकेश बुभरे 35 वर्ष ने गुरूवार दोपहर लगभग 12 बजे बंद कमरे की चाबी एवं शराब पीने के लिये पैसे मांगे, उसने कमरे की चाबी दे दी पैसे नहीं दिये तो मुकेश चाबी लेकर गुस्से में बंद कमरे का ताला खोलकर अंदर चला गया था कुछ समय बाद बिहारीलाल कमरे में अंदर गया तो देखा मुकेश की गर्दन एवं दाहिने हाथ में ब्लेड लगने के निशान थे जिससे खून निकल रहा था एवं मुकेश मृत अवस्था में पड़ा था।

गले, हाथ में ब्लेड से किए वार

बिहारीलला जब कमरे में पहुंचे तो उनके पैरे तले जमीन खिसक गई बेटा खून से लथपथ मृत पड़ा था । गले व हाथ में चोट थी । पहने हुए पेंट के उपर खून लगी हुयी ब्लेड पड़ी थी। उन्होंने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर साक्ष्य जुटाए।

शराब पीने नहीं दिए पैसे तो लगाया मौत को लगे

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि मुकेश बुभरे 35 वर्ष शराब पीने का आदि था जो आये दिन शराब पीकर शराब के लिये पैसे मांगता था न देने पर गुस्सा हो जाता था मुकेश को शराब पीने के लिये पैसे न देने के कारण स्वयं के गले व हाथ में ब्लेड मारकर आत्महत्या की है। पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही है ।

डेढ़ तोले का हार ले गए चोर

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत सर्रापीपर में चोर ने 1.5 तोला सोने का हार पार कर दिया। पुलिस ने बताया कि मिथलेश नागिया 52 वर्ष निवासी दीनदयालपुरम धर्म टेकरी थाना कुंडीपुरा जिला छिंदवाड़ा उनकी बहन संगीता रैकवार के घर डॉक्टर महोबिया के घर सर्रापीपर रांझी शादी में आयी थी। जिनका सूटकेश के अंदर रखा सोने का हार वजनी 1.5 तोले का चोर चुराकर ले गया है। माढ़ोताल थाने में आशीष मिश्रा निवासी ओल्ड बरगी हिल्स कॉलोनी तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अशोक लीलेण्ड वर्कशॉप का मैनेजर है। वर्कशॉप में ट्रक क्रमांक एचआर 56 बी 6929 आया था रात में सफेद रंग की कार में 3-4 अज्ञात चोर पहुंचे और ट्रक के टेंक से डीजल चोरी किया । वारदात सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो गई है ।

मारपीट का बदला लेने की गई युवक की हत्या

समता कॉलोनी में वारदात, छानबीन में जुटी पुलिस

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत समता कॉलोनी में मारपीट का बदला लेने की आग में एक युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एफएसएल टीम मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और घटना स्थल से अहम साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अम्बेडकर कालोनी गोहलपुर निवासी भावेश उर्फ पप्पू वीरानी 19 वर्ष दोस्त सत्यम सोनी एवं आयुष सोनी के साथ समता कॉलोनी में खड़ा था तभी पुरानी रंजिश के चलते भावेश के साथ शिवा चौधरी, आयुष रजक, अरूण रजक पहुंचे और मारपीट कर दी इसके बाद चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में भवेश को चेहरे, गले समेत शरीर में कई जगह चोटें आई। हमले में गंभीर रूप से घायल होने के बाद भावेश को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

छह महीने पहले हुई थी मारपीट

जांच में यह बात सामने आई है कि छह महीने पहले मृतक भावेश वीरानी का अरुण और उसके साथियों के साथ किसी बात पर विवाद और मारपीट हुई थी। आरोपी उस मारपीट का बदला लेने की ताक में थे। मौका मिलते ही आरोपियों ने घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर हत्या कर भाग गए थे।

आरोपियों की तलाश में छापेमारी

टीआई रीतेश पाण्डे ने बताया कि शिवा चौधरी, आयुष रजक, अरूण ने मिलकर पुरानी रंजिश को लेकर चाकुओं से हमला कर भावेश वीरानी उर्फ पप्पू की हत्या की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ खाली है।

नीट यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक होना केंद्र सरकार की नाकामी : एनएसयूआई

नवभारत,जबलपुर। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया द्वारा जबलपुर में आयोजित प्रेसवार्ता में नीट यूजी 2026 परीक्षा में सामने आए कथित पेपर लीक प्रकरण, राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली की विफलता और लाखों छात्रों के भविष्य के साथ हुए अन्याय का मुद्दा गंभीरता से उठाया गया। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सचिन रजक ने कहा कि देश के करोड़ों युवाओं का भविष्य लगातार भ्रष्ट एवं असुरक्षित परीक्षा तंत्र की भेंट चढ़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार जवाबदेही तय करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

नीट जैसी राष्ट्रीय परीक्षा केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के सपनों, संघर्षों और वर्षों की मेहनत का परिणाम होती है। गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार अपनी जमा पूंजी, ऋण और जीवनभर की कमाई बच्चों की शिक्षा पर खर्च करते हैं। ऐसे में जब बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आती हैं तो केवल परीक्षा की गोपनीयता नहीं टूटती, बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास, मानसिक संतुलन और पूरे सिस्टम पर भरोसा भी टूट जाता है। प्रेसवार्ता में यह भी कहा गया कि लगातार पेपर लीक और परीक्षा विवादों के कारण छात्रों में तनाव, अवसाद, चिंता और मानसिक असुरक्षा की स्थिति बढ़ी है। लाखों छात्र वर्षों तक कठिन परिश्रम करते हैं और जब परीक्षा प्रक्रिया ही संदिग्ध हो जाए तो यह युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालता है।

कुछ इस तरह की रखीं मांगें

एनएसयूआई ने मांग रखीं है जिनमें एनटीए को तत्काल भंग किया जाने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दें, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में सीबीआई जांच हो, प्रभावित छात्रों को फ्री मानसिक स्वास्थ्य सहायता दी जाए शामिल हैं। प्रेसवार्ता में एनएसयूआई द्वारा स्पष्ट किया गया कि यह केवल एक परीक्षा का मुद्दा नहीं, बल्कि देश की शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता का प्रश्न है। संगठन द्वारा यह घोषणा की गई कि छात्रों को न्याय मिलने तक यह संघर्ष सड़क से लेकर संसद तक जारी रखा जाएगा। प्रेसवार्ता मे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सचिन रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष अमित मिश्रा,प्रदेश सचिव अनुज यादव, मो एजाज, अभिनव मिश्रा, अचलनाथ चौधरी, सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

12 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित

जबलपुर, नवभारत। भारतीय रेल द्वारा यात्रियों को अत्याधुनिक डिजिटल तकनीकों के माध्यम से सुविधाजनक, सुरक्षित एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से कैशलेस ट्रांजेक्शन को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में पश्चिम मध्य रेल भी सक्रिय रूप से प्रयासरत है और विभिन्न डिजिटल भुगतान माध्यमों के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है। पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा में पीआरएस (पैसेंजर रिज़र्वेशन सिस्टम) एवं यूटीएस (अनरिजर्व्ड टिकेटिंग सिस्टम) काउंटर्स पर यूपीआई भीम, मोबाइल टिकटिंग तथा पीओएस मशीनों के माध्यम से कैशलेस भुगतान में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, यात्रियों को ट्रेनों एवं स्टेशन परिसरों में डिजिटल माध्यमों से टिकट खरीदने और भुगतान करने हेतु भी प्रेरित किया जा रहा है।

ट्रेनों में अब साफ-सफाई का मिलेगा बेहतर अनुभव

जबलपुर, नवभारत। 16 मई से जबलपुर से प्रारंभ होने वाली लंबी दूरी की गाडियों में यात्रियों को एक अलग ही सुखद अनुभव का अहसास होगा उनकी ट्रेनों में साफ-सफाई की जो शिकायतें होती थी, वे अब नजर नहीं आयेंगी, क्योंकि रेल प्रशासन ऑन बोर्ड हाउस कीपिंग (ओबीएचएस) की शुरूआत करने जा रहा है। इस संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन 14 मई गुरूवार को कोचिंग डिपो पिट नंबर 6 में आयोजित किया गया जिसमें रेल अधिकारियों ने सुपरवाइजर्स व कर्मचारियों को कार्य करने के तौर-तरीकों को बताया इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्वप्निल पाटिल, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग) जबलपुर, प्रमोद कुमार बीसल कोचिंग डिपो अधिकारी, एरिक मिंज कोचिंग डिपो इनचार्ज, अमित कुमार खरे वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (इंचार्ज), एसएसई लिनेन देवांशु सोनी आदि मौजूद रहे।

घर जैसा रखें वातावरण

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि स्वप्निल पाटिल वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग) ने स्टाफ का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि जिस प्रकार हम अपने-अपने घरों में रहते हुए साफ-सफाई का हर समय ध्यान देते हैं, ठीक उसी प्रकार जबलपुर की ट्रेनों में शुरू हो रही नई व्यवस्था को भी ऐसे ही स्वच्छता में गुणवत्तापूर्ण बनाना है, ताकि जो रेल यात्री यात्रा कर रहे हैं, उन्हें स्वच्छ वातावरण मिले और वे सुखद यात्रा का अनुभव करें उन्होंने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जिन स्टाफ की शिकायतें नहीं आयेंगी, उन्हें पुरस्कृत भी किया जायेगा जिनकी शिकायतें मिलेंगी, उन्हें दंडित भी किया जायेगा इसलिए सभी को मिलजुलकर ऐसा काम करना है, जिसमें शिकायतें मिलने की गुंजाइश नगण्य रहे।

मदनमहल स्टेशन के बाहर महिला कारोबारी से लूट

- नगद और जेवरात छीनकर लुटेरे फरार

जबलपुर। मदनमहल रेलवे स्टेशन के बाहर बुधवार रात बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने एक महिला व्यापारी के हाथ से कत्थाई रंग का हैंडबैग झपटकर पलक झपकते ही फरार हो गए। बैग में 15,000 नगद, सोने-चांदी के जेवरात और महत्वपूर्ण दस्तावेज थे।

पुलिस ने बताया कि नरसिंहपुर के गोटेगांव ग्राम कंजई की रहने वाली 24 वर्षीय रेवती सिलावट उर्फ रेखा इंदौर के प्रसिद्ध खजुरी बाजार में वीणा प्रकाश नाम से किताबों की दुकान संचालित करती हैं। बीती रात वह विंध्याचल एक्सप्रेस से मदनमहल स्टेशन उतरी थीं। वह प्लेटफॉर्म नंबर 4 के बाहर ओवरब्रिज के नीचे खड़ी होकर अपने भाई हरेंद्र पटेल के आने का इंतजार कर रही थीं। रात करीब 9 बजे मदनमहल स्टेशन की ओर से एक काले रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर दो युवक आए। उन्होंने रेवती के बाजू में टंगे रेग्जीन के बैग पर झपट्टा मारा। महिला ने शोर मचाया और मदद के लिए चिल्लाई, लेकिन जब तक लोग कुछ समझ पाते, बदमाश लिंक रोड की तरफ तेजी से भाग निकले। अत्यधिक रफ्तार के कारण पीड़ित मोटरसाइकिल का नंबर नहीं देख सकी। पीड़िता के अनुसार छीने गए बैग में नगदी 15,000 कैश, सोने के कान के बाले, सोने की चैन और चांदी की पायल, आधार कार्ड, पैन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस, 2 एक्सिस बैंक और 2 एचडीएफसी बैंक के कार्ड रखा था।

पुलिस ने रेवती सिलावट की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। हुलिये के आधार पर दोनों आरोपियों की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच है। मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे आरोपी ने अपना आधा मुंह कपड़े से ढक रखा था। पुलिस स्टेशन के आसपास और लिंक रोड के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों की धरपकड़ के प्रयास कर रही है।

समस्या | ट्रेनों के आते ही यात्रियों की भीड़ नलों की तरफ भागती है

स्टेशन के नल उगल रहे गर्म पानी



जबलपुर, नवभारत। इन दिनों शहर में पड़ रही प्रचंड गर्मी का असर अब रेलवे स्टेशन में लगे शीतल पेयजल के नलों में भी देखने को मिल रहा है। प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर छह तक लगे ये शीतल पेयजल के नल यात्रियों को गर्म पानी पिला रहे हैं। बता दे कि जबलपुर समेत अन्य जगहों पर गर्मी चरम पर है। जिसके चलते लोहे की बोगियों में सफर करना मुहाल हो रहा है। एक ओर जहां बोगियों में पंखों के मरे हालात में चलने व यात्रियों की भीड़ से भभक पैदा होने से स्लीपर और जनरल बोगी में सफर करना अब किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। यात्री पसीने से तरबतर हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जबलपुर जंक्शन, मदन महल सहित अन्य रेलवे स्टेशनों पर टोटियां गर्म पानी उगल रही हैं। गर्मी के चलते एसी बोगियों में भी कूलिंग समझ नहीं आ रही है। कुल मिलाकर गर्मी में जनरल से लेकर एसी बोगियों के तक यात्रियों के लिए सफर दुश्वारियों से भर गया है।

प्लेटफार्म क्रमांक 1 और 6 की ओर भागते यात्री

रोजाना भरी दोपहरी में गर्मी के बीच जब लंबी दूरी की ट्रेने प्लेटफार्म क्रमांक 2, 3, 4 और 5 पर आकर ठहरती है, तो इनके जनरल और स्लीपर बोगी में सवार यात्री पटरियों को क्रॉस कर प्लेटफार्म क्रमांक एक और छह की तरफ पानी की तलाश में भागते नजर आते हैं। लेकिन अफसोस यात्रियों को शीतल पेयजल की जगह गर्म पानी से ही संतोष करना पड़ रहा है। त्योहार और ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय तो हालात और बिगड़ जाते हैं। विगत दिवस प्लेटफार्म क्रमांक 4 और 5 पर आई पाटलिपुत्र और महानगरी एक्सप्रेस के यात्री पटरियों के किनारे रेल डिब्बे को भरने के लिए लगाई गई पाइप लाइन से पेयजल लेते देखे गए।